संपादकीय

# केजरीवाल को सत्ता से हटाने की व्यूह

अब जबकि 2025 का चुनाव बमुश्किल पांच महीने दूर है, लगता है कि केंद्र ने अपने विशेष अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए केजरीवाल को सत्ता से हटाने की व्यूह रचना की है। दिल्ली में जल्द ही राष्ट्रपति शासन लगने की चर्चाएं जोरों पर हैं।

अरविंद केजरीवाल लबे समय से केंद्र सरकार और सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी की आंख में कांटा है। उनसे मुक्ति पाने के लिए भाजपा ने कई बार जोर लगाया, लेकिन अब तक नाकाम रही है। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में भी पार्टी ने आम आदमी पार्टी को हराने की कोशिश में अपनी पूरी ताकत लगाई थी। लेकिन अब जबकि 2025 का चुनाव बमुश्किल पांच महीने दूर है, लगता है कि केंद्र ने अपने विशेष अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए केजरीवाल और आ.आ.पा. को सत्ता से हटाने की व्यूह रचना की है।

भाजपा पिछले कई महीनों से कहती आ रही है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले से जुड़े आरोपों के चलते जेल में होने के बावजूद इस्तीफा नहीं दे रहे हैं, जिससे दिल्ली में सवैधानिक संकट पैदा हो गया है। अगस्त में दिल्ली के भाजपा विधायकों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलकर उन्हें एक चि_ी सौंपी। इसमें मांग की गई कि सवैधानिक संकट' को देखते हुए दिल्ली सरकार को बर्खास्त किया जाए और राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक राष्ट्रपति ने इस मामले पर कार्रवाई के लिए विधायकों की चि_ी केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेज दी है।

तब से सवाल उठ रहे हैं कि क्या दिल्ली में वाकई राष्ट्रपति शासन लगा दिया जाएगा। राष्ट्रपति शासन सविधान के अनुच्छेद 356 के तहत लगाया जाता है। इस अनुच्छेद के मुताबिक राष्ट्रपति इस बात से आश्वस्त हों कि किसी राज्य में सवैधानिक तंत्र भंग हो चुका है, तो वे वहां राष्ट्रपति शासन लागू कर सकते हैं। अनुच्छेद 356 केंद्र शासित प्रदेशों पर लागू नहीं होता है। इसलिए दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए सविधान में भाग 239-एबी के तहत अलग प्रावधान है।

दिल्ली में पिछली बार राष्ट्रपति शासन फरवरी 2014 में लगाया गया था। तब तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने विधानसभा में लोकपाल बिल पेश ना कर पाने की वजह से अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। लेकिन वो अलग परिस्थिति थी। इस बार केंद्र ने ऐसा किया, तो इसे राजनीतिक कारणों से उठाया गया कदम माना जाएगा। इसलिए बेहतर होगा कि केंद्र पांच महीने का और सब्र दिखाए।

# कानपुर टेस्ट में कुलदीप को प्लेइंग-11 में शामिल करने की मांग

## पूर्व भारतीय खिलाड़ी संजय मांजरेकर ने जमकर सराहा

नईदिल्ली



भारतीय टीम अब बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की तैयारियों में जुट गई है। पहला मैच जीत चुकी रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम अब 27 सितंबर से कानपुर में दूसरा टेस्ट खेलेगी। इस बीच, टीम के पूर्व खिलाड़ी और कमेंटेटर संजय मांजरेकर ने कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को प्लेइंग-11 में शामिल करने की मांग की है। पहले टेस्ट में भारत को मिली जीत के बाद मांजरेकर ने कुलदीप को चेन्नई टेस्ट में मौका नहीं देने पर निराशा व्यक्त की।


कुलदीप ने 2017 में डेब्यू करने के बाद से भारत के लिए 12 टेस्ट मैच खेले हैं और 53 विकेट अपने नाम किए हैं। कुलदीप कई सीरीज में भारत के लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी रहे हैं। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान भी कुलदीप ने शानदार प्रदर्शन किया था और चार मैचों में 19 विकेट झटके थे। इसके अलावा उन्होंने निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए कुछ उपयोगी पारियां खेली थी। हालांकि, शानदार ट्रैक रिकॉर्ड के बावजूद उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच से बाहर किया गया।

भारत ने इस मैच में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप जैसे तीन गेंदबाजों के साथ उतरने का फैसला किया था।

मांजरेकर ने हालांकि, इस फैसले की आलोचना की और कहा कि भारत ने कुलदीप को नहीं खिलाकर मौका गंवाया है। मांजरेकर ने कहा, मुझे लगता है कि कुलदीप यादव को इतनी आसानी से बाहर नहीं बैठाना चाहिए था। भले ही पिच टर्निंग नहीं थी, लेकिन भारत को कुलदीप को लेने से फायदा होता। तेज गेंदबाजों को भारतीय पिचों पर एक या डेढ़ दिन तक ही मदद मिलती है, इसके बाद स्पिनरों को फायदा मिलने लगता है। ऐसे में जब आपके पास कुलदीप यादव जैसा गेंदबाज होता है तो आपको उन्हें आसानी से बाहर नहीं करना चाहिए।

भारत कानपुर टेस्ट के लिए तैयारी कर रहा है, ऐसे में मांजरेकर ने भारतीय टीम प्रबंधन से कुलदीप को बाहर बैठाने के फैसले पर दोबारा विचार करने के लिए कहा है। मांजरेकर का कहना है कि भले ही पिच शुरुआत में ग्रीन दिखे, लेकिन कुछ घंटे में बाद इस पर स्पिनरों को फायदा मिलेगा जिससे कुलदीप काफी फायदेमंद साबित हो सकते हैं। मांजरेकर ने कहा, भारत को कानपुर में इसी शैली के साथ उतरना चाहिए। अगर पिच पर घास रहे और धूप निकली रहे तो भी उन्हें यह बात दिमाग में रखनी चाहिए कि यह बस पहले कुछ घंटे फायदा देगा और इसके लिए मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह काफी होंगे। जब आपके पास तीन अच्छे स्पिनर हैं तो आपको तीनों के साथ खेलने उतरना चाहिए।

# सुनहरा मौका, अपना एक आईडिया दें और जीतें 15 लाख रुपए




नई दिल्ली

अगर आपके पास कोई आईडिया है तो आपके पास 15 लाख रुपये जीतने का शानदार मौका है। दरअसल, सरकार ने मिनिस्ट्री ऑफ माइक्रो स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज (एमएसएमई) ने एमएसएमई आइडिया हैकाथॉन 4.0 की घोषणा की है। जिसमें आप एक आईडिया देकर ईनाम जीत सकते है।

देश में एमएसएमई आइडिया हैकाथॉन 4.0 का आयोजन किया जाएगा। इसमें 18 से 35 वर्ष की आयु के छात्रों, स्टार्टअप्स और एमएसएमई से इनोवेटिव आइडिया आमंत्रित किए जाएंगे, ताकि समस्याओं का समाधान किया जा सके और समाधान खोजा जा सके। रजिस्ट्रेशन के लिए लास्ट डेट 26 सितंबर है। पार्टिसिपेंट एफिलिएट के माध्यम से हैकाथॉन के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। चयनित उम्मीदवारों को एक एक्सपर्ट सलेक्शन समिति द्वारा इवैल्यूएशन प्रॉसेस से गुजरना होगा, और प्रोटोटाइप स्टेप में जो लोग हैं उन्हें इनक्यूबेशन प्रोग्राम के लिए चुना जाएगा। उन्हें 15 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता भी मिलेगी।

आवेदकों को अपने राज्य के रूप में चुनना होगा। छात्र, स्टार्टअप और एमएसएमई अधिक जानकारी के लिए आधिकारिक पोर्टल पर जा सकते हैं। जहां आपकों सारी जानकारी मिल जाएगी।

# आईफोन 16 सिरीस को इंडिया में मिल रहा दमदार रिस्पॉन्स, मॉडल की मांग सबसे ज्यादा

नई दिल्ली

भारतीय स्मार्टफोन मार्केट में प्रीमियम फोन की मांग बढ़ाने का सीधा फायदा आईफोन 16 सीरीज को मिल रहा है। बाजार में प्रो मॉडल की मांग सबसे ज्यादा देखने को मिल रही है। ट्रेड एक्सपर्ट्स के मुताबिक, पिछली अन्य सीरीज के मुकाबले देश में आईफोन 16 की प्रो और प्रो मैक्स सीरीज की अधिक मांग देखी जा रही है। इसकी वजह आकर्षक फाइनेंसिंग ऑफर और नए और एडवांस आईफोन का लोगों में बढ़ता रुझान है। आईफोन 16 सीरीज के सबसे ऊंचे मॉडल प्रो और प्रो मैक्स की मांग में टियर 2 और टियर 3 शहरों में भी तेजी देखी जा रही है। नई आईफोन 16 सीरीज में बड़ी डिस्प्ले, इनोवेटिव प्रो कैमरा फीचर्स, गेमिंग के लिए अच्छे ग्राफिक्स और ए18 प्रो चिप दी गई है। 6.9 इंच स्क्रीन वाले आईफोन 16 प्रो मैक्स मॉडल में कैमरा कंट्रोल दिया गया है, जिसकी वजह से वह तेजी से अनलॉक हो सकता है। इसमें 48 मेगापिक्सल का नया फ्यूजन कैमरा क्वाड-पिक्सल सेंसर के साथ दिया गया है जो कि 4के120 एफपीएस की वीडियो रिकॉर्ड कर सकता है।

# निकोलस पूरन के तूफान में उड़े बड़े-बड़े गेंदबाज, 6 चौके 7 छक्के लगाकर टीम को दिलाई जीत

नईदिल्ली




प्रीमियर लीग 2024 में एक बार फिर निकोलस पूरन नाम के तूफान ने गेंदबाजों के छक्के छुड़ा दिए. सीपीएल के 25वें मैच में ट्रिनबागो नाइट राइर्स और सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स के बीच खेले गए मुकाबले को नाइट राइडर्स टीम ने 7 विकेट से जीतकर अपने नाम कर लिया है. मैच जिताऊ पारी खेलने के लिए निकोलस पूरन को प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया.

ट्रिनबागो नाइट राइडर्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और सेंट किट्स एंड वेनिस पैट्रियट्स को पहले बल्लेबाजी करने के लिए बुलाया. कप्तान आंद्रे फ्लेचर की 93 और कायल मेयर्स की 60 रनों की तूफानी पारी की बदौलत इस टीम ने 193/4 रनों का स्कोर बोर्ड पर लगाया.

कप्तान आंद्रे फ्लेचर ने 61 गेंदों पर 152.46 की स्ट्राइक रेट से 93 रन बनाए. जबकि काइल मेयर्स ने 30 गेंदों पर 200 की स्ट्राइक रेट से 60 रनों की अहम पारियां खेलीं.

वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज निकोलस पूरन ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के लिए खेलते हैं. जहां, वह लगातार अपनी टीम के लिए रन बना रहे हैं. पैट्रिओट्स के साथ खेले गए मुकाबले में खतरनाक अंदाज में बल्लेबाजी की. उन्होंने 43 गेंदों पर 216 रनों की स्ट्राइक रेट से 93 रनों की पारी खेली. अपनी पारी में पूरन ने 6 चौके और 7 छक्के भी लगाए.

निकोलस पूरन की तूफानी पारी के अलावा नाइट राइडर्स के लिए ओपनिंग बैट्समैन जेसन रॉय ने 64(34) रनों की आतिशी पारी खेली और अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई. 194 रनों के लक्ष्य को नाइट राइडर टीम ने 18.3 ओवर्स में सिर्फ 3 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया और 7 विकेट से एक बड़ी जीत हासिल की.

कैरेबियन प्रीमियर लीग 2024 के प्वाइंट्स टेबल की बात करें, तो सैंट लूसिया किंग्स 12 अंकों के साथ पहले नंबर पर है. गुयाना अमेजन वॉरियर्स दूसरे, बारबाडोज रॉयल्स तीसरे और ट्रिनबागो नाइट राइडर्स चौथे स्थान पर है. ये चारों टीमें टॉप-4 के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं.

# पहला टेस्ट: प्रभात जयसूर्या ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली बार लिए 5 विकेट

नईदिल्ली



श्रीलंका क्रिकेट टीम ने सीरीज के पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को 63 रन से हरा दिया।जीत के लिए मिले 275 रन के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए कीवी टीम 211 रन पर ढेर हो गई।मेहमान टीम की दूसरी पारी को समेटने में प्रभात जयसूर्या की अहम भूमिका रही। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने न्यूजीलैंड की दूसरी पारी में 5 विकेट चटकाए।

मैच की चौथी पारी के दौरान स्पिन के लिए मददगार नजर आ रही गॉल स्टेडियम की पिच पर जयसूर्या का जादू देखने को मिला।32 वर्षीय इस गेंदबाज ने दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन (30) को अपनी फिरकी के जाल में फंसाया।इसके बाद उन्होंने टॉम ब्लंडेल (30), ग्लेन फिलिप्स (4), रचिन रविंद्र (92) और विलियम ओरूर्के (0) को अपना शिकार बनाया।उन्होंने 30.4 ओवर में 68 रन देते हुए 5 विकेट लिए।


जयसूर्या ने अपने टेस्ट करियर में 8वीं बार 5 विकेट हॉल हासिल किया।उन्होंने अब तक 15 टेस्ट की 28 पारियों में 29.27 की औसत के साथ 88 विकेट लिए हैं।इस बीच पारी में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 52 रन देते हुए 7 विकेट लेना रहा है।उन्होंने अपने प्रथम श्रेणी करियर में 101 मैच खेले हैं, जिसकी 167 पारियों में 26.65 की औसत के साथ 425 विकेट लिए हैं।

जयसूर्या ने न्यूजीलैंड के खिलाफ किसी पारी में पहली बार 5 विकेट हॉल लेने का कारनामा किया है। उन्होंने कीवी टीम के विरुद्ध 3 टेस्ट की 5 पारियों में 32.92 की औसत के साथ 13 सफलताएं हासिल की हैं।उन्होंने दूसरी पारी में 5 विकेट लेने से पहले न्यूजीलैंड की पहली पारी के दौरान 4 विकेट चटकाए थे।वह इस मैच में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज साबित हुए।

श्रीलंका ने अपनी पहली पारी में कामिंदु मेंडिस के शतक (114) की मदद से 305 रन बनाए।जवाब में न्यूजीलैंड की टीम ने 340 रन बनाते हुए बढ़त हासिल की। मेहमान टीम से टॉम लैथम ने सर्वाधिक 70 रन बनाए। जवाब में श्रीलंकाई टीम ने दूसरी पारी में 309 रन बनाए और जीत के लिए 275 रन का लक्ष्य दिया।रविंद्र की पारी (92) के बावजूद चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए कीवी टीम 211 रन पर सिमट गई।

# भारत ने खाद्य सुरक्षा बढ़ाने के लिए ब्राजील और भूटान के साथ की साझेदारी

नई दिल्ली



भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने संयुक्त परियोजनाओं और तकनीकी सहयोग के माध्यम से खाद्य सुरक्षा में सुधार के लिए ब्राजील के कृषि और पशुधन मंत्रालय (एमएपीए) के साथ साझेदारी की है, सरकार द्वारा रविवार को यह जानकारी दी गई।

राष्ट्रीय राजधानी में हुए ग्लोबल फूड रेगुलेटर्स समिट 2024 के साइडलाइन में दोनों देशों के बीच एमओयू साइन किए गए।

एफएसएसएआई के सीईओ जी कमला वर्धन राव ने कहा, यह निर्णय खाद्य सुरक्षा की ओर हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है। यह खाद्य सुरक्षा में अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने के लिए चल रहे प्रयासों में हमारी प्रगति का प्रतीक है।

राव ने आगे कहा कि हम अपने सामान्य लक्ष्यों को प्राप्त करने और दोनों देशों में खाद्य सुरक्षा बढ़ाने के लिए एमएपीए के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं।

ब्राजील से आए एमएपीए के प्रतिनिधियों की ओर से कहा गया कि खाद्य सुरक्षा के लिए दोनों देशों के बीच हुआ यह समझौता द्विपक्षीय संबंधों में एक मील का पत्थर है। यह इंस्टीट्यूशनल साझेदारी मजबूत करने के उद्देश्य से टेक्निकल कॉरपोरेशन और अनुभवों को साझा करने की अनुमति देता है।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत आने वाले एफएसएसएआई की ओर से समिट में भूटान फूड और ड्रग अथॉरिटी (बीएफडीए) से भी द्विपक्षीय बातचीत की गई।

इस मीटिंग में मार्च में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूटान यात्रा के दौरान भारत और बीएफडीए के समझौतों को लागू करने के लिए बातचीत की गई।

राव की ओर से कहा गया कि हम बीएफडीए के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हम खाद्य सुरक्षा का मजबूत और प्रभावी फ्रेमवर्क बना रहे हैं, जो कि दोनों देशों के हितों में हो।

# विजय एंटनी की एक्शन थ्रिलर हिटलर का ट्रेलर जारी, 27 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म



अपनी विविधतापूर्ण फिल्मों से दक्षिण के दर्शकों को प्रभावित करने के लिए मशहूर हीरो विजय एंटनी अपनी नई फिल्म हिटलर के साथ स्क्रीन पर आने के लिए तैयार हैं। चेंडूर फिल्म इंटरनेशनल, जिसने पहले विजय राघवन का निर्माण किया था, अब अपनी सातवीं परियोजना के रूप में हिटलर का निर्माण कर रहा है, जिसके निर्माता डी.टी. राजा और डी.आर. संजय कुमार हैं।

धना द्वारा निर्देशित हिटलर एक आकर्षक एक्शन थ्रिलर कहानी का वादा करती है और इस महीने की 27 तारीख को तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में एक भव्य नाट्य रिलीज के लिए तैयार है। जैसे-जैसे फिल्म की रिलीज की तारीख नजदीक आ रही है, निर्माताओं ने हिटलर का ट्रेलर जारी किया है और यह एक आकर्षक एक्शन ड्रामा का वादा करता है।

ट्रेलर की शुरुआत एक दमदार डायलॉग से होती है, जिसमें कहा गया है कि दुनिया में सत्ता का ही असली प्रभाव होता है। इसमें विजय एंटनी को दिखाया गया है, जो पुलिस द्वारा इस चालाक अपराधी की तलाश में पकड़े जाने से बचते हुए, विभिन्न भेषों में तीन लक्ष्यों को कुशलता से मार गिराता है।

# थ्रिलर फिल्म सीटीआरएल से अनन्या पांडे का फर्स्ट लुक आउट, 4 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर होगी रिलीज



बॉलीवुड की बेहतरीन डायरेक्टर्स में से एक विक्रमादित्य मोटवानी और अनन्या पांडे की मोस्ट अवेटेड थ्रिलर फिल्म कंट्रोल टाइल सीटीआरएल की रिलीज डेट का एलान हो गया है. सीटीआरएल की रिलीज डेट के साथ-साथ अनन्या पांडे का फर्स्ट लुक भी सामने आया है. फिल्म में अनन्या पांडे एक कंटेंट राइटर का रोल प्ल करने जा रही हैं. यह फिल्म पूरी तरह से सोशल मीडिया की दुनिया और टेक्नोलॉजी पर बेस्ड है.

अनन्या पांडे की फिल्म सीटीआरएल को विक्रमादित्य और निखिल द्विवेदी ने मिलकर बनाया है. वहीं, अनन्या ने फिल्म को लेकर कहती हैं, सीटीआरएल खुद से जोडऩे वाली, लाइफ को प्रभावित करने वाली और यकीन मानो आपको चौंका देने वाली फिल्म है, मैं यकीन के साथ कहती हूं कि यह फिल्म हरेक के लिए है, टेक पर हमारी निर्भरता पर यह फिल्म है, नेटफ्लिक्स पर यह फिल्म आ रही है 4 अक्टूबर 2024 को.

# आज का राशिफल

**मेष-** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपकी कठिन परिस्थितियों में आपका परिवार आपकी ढाल बनकर सामने रहेगा, इससे आपको साहस मिलेगा। आज आपको शहर में जॉब करने के नए अवसर मिलेंगे।

**वृष-** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढऩे की कोशिश करें। मेहनत, धैर्य और समझदारी से काम निपटा लेंगे। आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं।

**मिथुन-** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज शिक्षा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आपमें चुस्ती फुर्ती रहेगी, आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा।

**कर्क-** आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको पुरानी बातों के झंझट में पडऩे से बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं, आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना चाहिए।

**सिंह-** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे। पुरानी देनदारी भी निपटा सकते हैं। दूसरों की भावनाएं समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिलेगी।

**कन्या-** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे। पुरानी देनदारी भी निपटा सकते हैं। दूसरों की भावनाएं समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिलेगी।

**तुला-** आज आपका दिन आपके लिए खुशियों की नई सौगात लाया है। जीवनसाथी की बेहतर सलाह से.. आपको पैसे कमाने का नया जरिया मिलेगा। मित्रों के साथ किसी बात को लेकर थोड़ी बहस होने की संभावना बन रही है।

**वृश्चिक-** आज आपका दिन बहुत शुभ रहेगा। आज घर-परिवार में किसी मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी। धैर्य और समझदारी रखें। परिवार के कामों में आपका कुछ धन खर्च हो सकता है। कोई भी फैसला शांति से लें।

**धनु-** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। दोस्तों के साथ कहीं घूमने का प्रोग्राम सफल होगा। आज घर के बड़े-बुजुर्ग की सेवा करने से आपको अच्छा महसूस होगा। रिश्तेदारों में आपकी तारीफ होगी।

**मकर-** आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। सही योजना के तहत.. आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आप कार्यक्षेत्र में चुनौतियों का सामना करने में भी सक्षम रहेंगे। आप अपने काम व जीवन के बीच बैलेंस बनाये रखेंगे।

**कुंभ-** आज आपका दिन रोज की अपेक्षा ज्यादा अच्छा रहेगा। व्यापार के क्षेत्र में थोड़ी मुश्किलों के बाद.. लाभ का योग बना रहेगा। बेवजह की भाग दौड़ से बचें। आध्यात्मिकता की ओर आपका रुझान होगा।

**मीन-** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है, उन्हें काम से जुड़ी कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे।

# 3 साल से अच्छे काम के इंतजार में है अहाना कुमरा, फूटा दर्द, बोलीं- इंडस्ट्री में केवल ए ग्रेड एक्टर की मांग



टीवी और ओटीटी पर संघर्ष करने के बाद फिल्मों में काम कर चुकी एक्ट्रेस अहाना कुमरा को अब 3 साल से काम नहीं मिला है. अहाना कुमरा ने खुद इसकी जानकारी दी है. अहाना कुमरा ने बताया कि वे 3 साल से अच्छे किरदारों का इंतजार कर रही हैं. लेकिन अभी तक उन्हें कोई अच्छा रोल नहीं मिला है. इसी के चलते परेशान होकर अहाना कुमरा ने फिल्म मेकिंग पर फोकस शुरू कर दिया है. अहाना ने बताया कि बॉलीवुड में केवल ए ग्रेड एक्टर्स के पास ही अच्छा काम आता है.

2 साल पहले 2022 में आई मधुर भंडारकर की फिल्म लॉकडाउन में नजर आने वाली एक्ट्रेस अहाना कुमरा बताया कि बॉलीवुड में केवल ए ग्रेड एक्टर्स को ही लगातार काम मिलता है. अहाना ने बताया, मैं बीते 3 साल से काम के इंतजार में हूं. लेकिन अभी तक मेरे पास कोई काम नहीं आया है. कोई भी किसी तरह का काम मुझे ऑफर नहीं कर रहा है. मैं ओटीटी पर खूब काम किया करती थी. लेकिन लंबे समय से मेरे पास कोई काम नहीं है. लेकिन ये सब चलता रहता है. बॉलीवुड में लोग केवल ए ग्रेड एक्टर्स को ही लगातार काम देते हैं. या तो फिल्म मेकर्स किसी बड़े स्टार के पास जाता है या फिर बिल्कुल ही कम पैसे वाले एक्टर्स को कास्ट कर लेता है. मैं कुछ और काम करने का भी सोच रही हूं क्योंकि मुझे भी अपना घर चलाना है.

अहाना कुमरा ने साल 2009 में अपने करियर की शुरुआत की थी. टीवी सीरियल बॉलीवुड हीरो में नजर आने के बाद अहाना कुमरा ने कई शानदार प्रोजेक्ट्स में काम किया. इतना ही नहीं 2 दर्जन से ज्यादा टीवी सीरियल और ओटीटी सीरीज में दमदार किरदार निभाए हैं. अपने अब तक के करियर में अहाना कुमरा ने 39 से ज्यादा टीवी सीरियल, ओटीटी सीरीज और फिल्मों में काम कर लिया है. अहाना बताती है, मुझे भी लोगों ने गुड एक्टर का टैग दिया. मैंने इसके लिए खूब मेहनत की और लोगों ने मेरे टैलेंट को पहचाना.


# शब्द सामर्थ्य- 187

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 186 का हल



# सू-दोकू- 187

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 186 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |